कॉलेज में रिक्त स्थानों के लिए 10 तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

जालोर| श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय में स्नातक पार्ट प्रथम (बी. कॉम., बी.एससी. गणित) में रिक्त स्थानों के लिए पुनः ऑनलाइन प्रवेश 3 अगस्त से आरंभ किए गए हैं। प्राचार्य डॉ. एम. एल. जांगिड़ ने बताया कि श्रेणीवार रिक्त स्थानों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख 10 अगस्त हैं। नोडल अधिकारी मोहम्मद इरफान ने बताया कि रिक्त स्थानों के लिए नये आवेदन पत्र ऑनलाइन भरे जाएंगे। इसके लिए आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा की साइट ttp://hte.rajasthan.gov.in है। रिक्त स्थानों के लिए अन्तरिम प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 14 अगस्त 2023 को किया जाएगा।

दैनिक भास्कर (जालोर)
दि० 4.08.2023

स्कूटी योजना के लिए अब आठ अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

जालोर| कॉलेज शिक्षा आयुक्तालयने स्कूटी योजना के लिए आवेद नकी अंतिम तिथि 8 अगस्त तक बढ़ा दी है। जानकारी के अनुसार काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के लिए पहले 31 जुलाई अंतिम तिथि थी। जिसे अब बढ़ा दिया है। इसमें राजस्थान की मूल निवासी व जिले के राजकीय व निजी महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष में नियमित अध्ययनरत छात्राएं जिन्होंने 2023 में 12वीं उत्तीर्ण की है। वे पात्र होगी।

दैनिक भास्कर (जालोर)
दि०- 04.08.2023